वाली प्रक्रिया है और यह अनुमानित आवश्यकताओं और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए चरण-बद्ध तरीके से, किया जाता है ।

आठवीं योजना में राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 835 करोड़ रुपए का परिव्यय तथा भारत अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 731 करोड़ रुपए के परिव्यय का प्रस्ताव किया है । दोनों प्राधिकरणों द्वारा परिकल्पित परियोजनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(I) राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की प्रमुख परियोजनायें

(1) बम्बई और दिल्ली हवाई अड्डों पर विमान यातायात नियंत्रण सेवाओं का आधुनिकीकरण ।

(2) त्रिवेन्द्रम, गुवाहाटी, हैदराबाद अहमदाबाद, औरंगाबाद, वाराणसी, जयपुर और भोपाल में स्थापित किये जाने के लिए हवाई अड्डा निगरानी राडार । मोनो-पल्स गौण निगरानी राडार की खरीद ।

(3) कलकत्ता, नागपुर, मद्रास, दिल्ली, हैदराबाद, कालीकट, कोयम्बतूर, इन्दौर, रायपुर राजकोट, उदयपुर, मंगलौर, पोर्ट ब्लेयर और औरंगाबाद में स्थापित किये जाने के लिए उपस्कर अवतरण प्रणाली की खरीद ।

(4) दीमापुर, कोयम्बतूर, आगरा, भुज, जामनगर, तेजपुर, कारनिकोबार, कानपुर और प्रतापगढ़ में स्थापित किये जाने के लिए डापलर अति-उच्चावृत्ति सार्वदिशिक परास की खरीद ।

(5) 12 माडल हवाई अड्डों का विकास अर्थात् जयपुर, लखनऊ, नागपुर, इन्दौर, बडोदरा, हैदराबाद, कोयम्बतूर, कालीकट, पटना, भुवनेश्वर, गुवाहाटी और इम्फाल । आधुनिकीकरण कार्यक्रम में जहां कहीं संभव हो, नए टर्मिनल भवन का निर्माण/मौजूदा टर्मिनल भवन का विस्तार, धावनपथ का 7500 फुट तक विस्तार, नवीतनम अवतरण साधनों और अन्य प्रचालानात्मक आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था शामिल है ।

(II) भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की प्रमुख परियोजनायें

(1) नया अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल काम्पलैक्स (फेज–3) बम्बई,

(2) नया अन्तर्देशीय टर्मिनल काम्पलैक्स (फेज–2) बम्बई ।

(3) नया अन्तर्देशीय टर्मिनल काम्पलैक्स (फेज–1) कलकत्ता ।

(4) नया यात्री टर्मिनल काम्पलैक्स (फेज–1) त्रिवेन्द्रम ।

(5) निम्नलिखित का सुधार और उन्नयन:—

धावनपथ और परिचालनात्मक क्षेत्र ।

टर्मिनल और कार्गो काम्पलैक्स ।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से होटलों के निर्माण के संबंध में प्रस्ताव

3911. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए होटलों के निर्माण के संबंध में प्राप्त हुए कुछ प्रस्ताव सरकार के पास लम्बित पड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन्हें कब तक मंजूरी दिए जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Regular Flights to Visakhapatnam

3912. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of CIVIL AVIATION & TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Vsakhapatnam is not air-linked regularly now a days; and

(b) if so, what are the reasons for withdrawing the daily flights and introducing it on alternate days?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) Operation to Visakhapatnam were curtailed due to the pilots srike effective 10.12.1992. Indian Airlines is presently operating five days a week between Hyderabad and Visakhapatnam and three days a week on Madras —Visakhapatnam—Calcutta route. The capacity presently provided to and from Visakhapatnam is sufficient to cater to the existing traffic demand.

पर्यटन स्थलों को प्रदूषित करने वाले व्यक्तियों के लिये कानून

3913. **श्री सुशील बरोंगपा** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका मंत्रालय राज्य सरकारों को ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की व्यवस्था करने के लिए कानून बनाने के लिए बाध्य कर रहा है, जो वैष्णो-देवी, खजीयार, रोहतांग दर्रा इत्यादि जैसे पर्यटन स्थलों को क्षेपण की भूमि बनाकर प्रदूषित करते हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो उसका विकास विकल्प क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) विशेषतया संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यावरण की सुरक्षा की आवश्यकता के संबंध में राज्य सरकारों पर समय-समय पर जोर डाला गया है। सरकार ने, प्राकृतिक पर्यावरण को अपरिवर्तनीय नुकसान पहुंचाये बगैर पर्यटन के निरंतर संवर्धन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्यावरण और विकास पर एक राष्ट्रीय संरक्षण रणनीति और नीति वक्तव्य की भी घोषणा की है ।

Income-tax concessions for Hotels in rural areas

3914. SHRI SUSHIL BORONGPA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether the Income-tax concessions for hotels in rural areas and hilly stations as declared under the National Action Plan for Tourism include the entire state of Himachal Pradesh:

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) what are the other Tribal Areas in the country where such concessions are given?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (c) The tax concessions for new hotels in a hilly area, rural area place of pilgrimage or any other place are applicable all over the country including Himachal Pradesh, subject to eligibility conditions under Section 80 IA of the Income-Tax Act and the Rules thereunder.